[E-Content-13]



Hema Agrawal
(Assistant Professor
D.N. College, MRT).

B.Ed - II year
Course Code - E-401
Course Title - Assessment for Learning
Unit - I
Topic - Profile of Learner
(अधिगमकर्ता की प्रोफाइल)

**प्रोफाइल (Profile)** — Profile का शाब्दिक अर्थ है। रूपरेखा (Outline) है। यह अधिगमकर्ता के अधिगम सम्बन्धित तथ्यों की रूपरेखा होती है।

हमारी शिक्षा प्रणाली में परीक्षाओं के प्राप्तांकों पर छात्र-छात्राओं की सफलता - असफलता का मूल्यांकन होता है जो कि पूर्ण रूप से सही नहीं है। प्रोफाइल हर छात्र को अपनी कमी सुधारने तथा तथा पिछड़ जाने पर अन्य छात्रों के बराबर तक पहुँचाने का अवसर प्रदान करती है। अलग-अलग पाठ्यक्रमों के अधिगमकर्ता के लिए अलग-2 प्रकार की प्रोफाइल बनायी जाती है। ~~अधिगमकर्ता~~ अधिगमकर्ता (learner) की प्रोफाइल में निम्न सूचनाएँ होती हैं:—

(i) अधिगमकर्ता की व्यक्तिगत विशेषताएँ (ii) अधिगमकर्ता की पारिवारिक स्थिति
(iii) अधिगमकर्ता के पढ़ने के उद्देश्य (iv) अधिगमकर्ता का पूर्व ज्ञान
(v) अधिगमकर्ता की अध्ययन सुविधा (vi) अधिगमकर्ता की अध्ययन सम्बन्धित समस्याएँ

अधिगमकर्ता की प्रोफाइल (Profile of a Learner)

| मुख्य बिन्दु | विशेषताएँ |
|---|---|
| 1. अधिगमकर्ता की व्यक्तिगत विशेषताएँ (Personal characteristics) | • नाम<br>• आयु<br>• रुचियाँ<br>• सामर्थ्य |
| 2. अधिगमकर्ता की पारिवारिक परिस्थिति (family status) | • परिवार की आर्थिक स्थिति<br>• परिवार में शैक्षिक वातावरण है या नहीं<br>• परिवार में माता-पिता का सहयोग है या नहीं।<br>• परिवार में बिजली व्यवस्था है या नहीं। |

| | |
|---|---|
| (3) अध्ययन के उद्देश्य Reason/objective of study | • उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए<br>• सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए<br>• इंजीनियर/डॉक्टर बनने के लिए<br>• धन कमाने के लिए |
| (4) अधिगमकर्ता का पूर्व ज्ञान (Previous Knowledge of learner) | • अधिगमकर्ता का सामान्य ज्ञान<br>• अधिगमकर्ता के ज्ञान का स्तर<br>• अधिगमकर्ता का विभिन्न विषयों का ज्ञान |
| (5) अधिगमकर्ता की पूर्व अध्ययन योग्यता (Prior study skills) | • अध्ययन विधि / कौशल<br>• समय प्रबन्धन (Time management) की योग<br>• स्वअध्ययन की योग्यता<br>• स्वमूल्यांकन की योग्यता<br>• क्रमागत अनुभव की योग्यता<br>• नोट्स लेने की योग्यता |
| (6) अधिगमकर्ता की अध्ययन सुविधा (Study circumstances) | • विद्यालय में पुस्तकालय सुविधा है या नही<br>• विद्यालय में Computer व Internet है<br>• दूसरे विद्यार्थियों के साथ विचार विमर्श क योग्यता है या नही |
| (7) अधिगमकर्ता की अध्ययन सम्बन्धी समस्याएँ (Study Problems) | • शारीरिक अक्षमता (Physical Disability)<br>• मानसिक अक्षमता (Mental Disability)<br>• परिवार मे अध्ययन सुविधा का अभाव<br>• अध्ययन सामग्री (Study materials) क |

Scanned by TapScanner

## अधिगमकर्ता की प्रोफाइल व संचित अभिलेख में अन्तर
## (Difference between Profile & Cumulative Records of Learner)

अधिगमकर्ता की प्रोफाइल में केवल अधिगमकर्ता की अधिगम सम्बन्धी सूचनाएँ होती हैं जैसे – अध्ययन में रुचि, अध्ययन क्षमता, अध्ययन विधि, शिक्षण साधन व उसकी अधिगम सम्बन्धी समस्याएँ। अधिगमकर्ता के संचयी अभिलेख में अधिगमकर्ता की शैक्षिक प्रगति, उसके उसकी कक्षा में स्थिति, पाठ्यसहगामी क्रियाओं में भाग लेने आदि का लेखा जोखा होता है। साथ ही विद्यार्थी का स्कूल व स्कूल के बाहर दूसरों के प्रति व्यवहार आदि का भी लेखा जोखा होता है।

## अधिगमकर्ता की प्रोफाइल के निर्माण में प्रयुक्त विधियाँ
## (Methods of preparation of Profile of Learner)

अधिगमकर्ता के अधिगम सम्बन्धि तथ्यों की जानकारी प्राप्त करने के लिए निम्न विधियों का प्रयोग किया जाता है।

(1) अवलोकन (observation)
(2.) साक्षात्कार (Interview)
(3) प्रश्नावली (Questionnaire)
(4) डॉक अथवा ई-मेल (Portal or E-mail)
(5) ~~इत्य~~ दूरभाष /संवाद (Telephone/Communication)

## अधिगमकर्ता की प्रोफाइल की उपयोगिता
## (Utility of Profile of Learners)

1. अधिगमकर्ता (learner) की Profile छात्र केन्द्रित शिक्षण - अधिगम में सहायक है।
2. प्रोफाइल सीखने में सीखने वालों की सहायता करती है।
3. यह छात्रों की सीखने की गति को बढ़ाती है तथा उन्हें अपनी क्षमतानुसार आगे बढ़ने में सहायता करती है।
4. छात्र अपनी प्रोफाइल को देखकर अपने अध्ययन के उद्देश्य निश्चित कर सकते है। तथा अपनी कमियों को दूर कर सकते हैं।

Scanned by TapScanner

5) अभिभावक (Parents /Guardians) अपने बच्चो की प्रोफाइल देखकर अपने बच्चे के विषय में सही जानकारी प्राप्त कर सकेंगें तथा उन्हे अपने बच्चो के प्रति अपने उत्तरदायित्व का आभास होगा।

6.) अधिगमकर्ता की प्रोफाइल से शिक्षक अधिगमकर्ता को सीखने में पृष्ठपोषण (Feedback) प्रदान कर सकते है।

(i) अधिगमकर्ता की प्रोफाइल के प्रथम कॉलम से उसकी आयु, रुचि आदि के विषय मे जानकारी प्राप्त कर शिक्षक अधिगमकर्ता की रुचि व आयु के अनुसार उदाहरण प्रस्तुत करता है जिससे अध्ययन सरल हो जाता है।

(ii) अधिगमकर्ता की प्रोफाइल के दूसरे कॉलम से उसके परिवार के विषय मे जानकारी मिलती है जैसे परिवार मे शैक्षिक वातावरण, अध्ययन की सुविधा आदि। ~~शिक्षक छात्रो को~~ अगर अधिगमकर्ता के परिवार में सुविधा उपलब्ध नही तो शिक्षक उनके विकल्प छात्रो को बताता है।

(iii) अधिगमकर्ता की प्रोफाइल के तीसरे कॉलम मे छात्र के पढने के उद्देश्यो का उल्लेख होता है। शिक्षक उनको पूरा करने मे अधिगमकर्ता की सहायता करता है।

(iv) अधिगमकर्ता की प्रोफाइल के चौथे कॉलम मे अधिगमकर्ता के पूर्वज्ञान का उल्लेख होता है। शिक्षक पूर्वज्ञान के आधार पर छात्र को नवीन ज्ञान प्रदान करेगा।

(v) अधिगमकर्ता की प्रोफाइल के पांचवे कॉलम मे अधिगमकर्ता की अध्ययन योग्यता जैसे - अध्ययन विधि, अध्ययन कौशल, समय प्रबन्धन (Time management) की योग्यता, स्वअध्ययन व स्वमूल्यांकन (Self study & self evaluation) की योग्यता आदि का उल्लेख होता है। इन सब अध्ययन योग्यताओं को देखकर शिक्षक जिस भी योग्यता मे छात्र कमजोर होता है उचित उपायो की सहायता से उसमे सुधार लाने मे ~~प्रयास~~ अधिगमकर्ता की मदद करता है।

VI) प्रोफाइल के छटे कॉलम मे उपलब्ध साधनो का वर्णन होता है। शिक्षक उन्ही साधनो का प्रयोग करके अधिगमकर्ता ~~की~~ को अध्ययन करने के अवसर देता है।

(VII) प्रोफाइल के सातवे कॉलम मे अधिगमकर्ता की अध्ययन सम्बन्धि समस्याओं का उल्लेख होता है। शिक्षक अधिगमकर्ता की इन समस्याओ के समाधान करने मे सहायता करेगा।

Scanned by TapScanner